राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने खिलाड़ियों से संवाद कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

## राज्यपाल श्री मिश्र से रोल बॉल के खिलाड़ियों ने मुलाकात की

जयपुर, 28 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में गोवा में आयोजित हुए रोल बॉल राष्ट्रीय खेलों में विजेता रहे राजस्थान के खिलाड़ियों से मुलाकात की। रोल बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी श्री मनोहर कांत के नेतृत्व में मिले इन खिलाड़ियों में पुरुष टीम ने स्वर्ण और महिला टीम ने राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक प्राप्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने रोल बॉल में स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त करने वाली पुरुष और महिला टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए उनसे संवाद किया। उन्होंने कहा कि खेलों से ही मानवीय मूल्यों और सामूहिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण ही प्रदान नहीं करते बल्कि इनसे मानसिक तथा शारीरिक विकास भी होता है। उन्होंने रोल बॉल खेल के जरिए राजस्थान को विश्वकृस्तर पर अग्रणी करने के लिए भी खिलाड़ियों का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।





———————